**INDIAN SCHOOL SOHAR** **SET-1**
**PERIODIC TEST – II (2018-19)**
**HINDI**

**CLASS: VI** **MAX.MARKS: 20**
**DATE: 10 /01/2019** **DURATION: 45 MIN**

---

सामान्य निर्देश: 1) कृपया जाँच लें कि इस प्रश्न-पत्र में कुल 8 प्रश्न हैं।
2) प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले प्रश्न संख्या लिखना आवश्यक है।
3) सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

---

प्रश्न 1 : निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उचित उत्तर लिखिए। (4)

विद्यालय एक संस्था है।विद्यार्थी और अध्यापक ही नहीं, चपरासी से लेकर प्रधानाचार्य तक सब लोग इस संस्था के अंग हैं।अपने-अपने पदानुसार सब लोग अपना-अपना काम करते हैं।सबके आपसी सहयोग से संस्था दिन दूनी रात चौगुनी उन्नति करती है। वहाँ पर आपको सहयोग के अनेक अवसर प्राप्त होते हैं।समय पर विद्यालय में आकर अपनी कक्षाओं में शांतिपूर्वक बैठकर संस्था के नियमों का पालन करके उसके अनुशासन में सहयोग दे सकते हैं।रद्दी कागज़ों को इधर-उधर न फेंककर उन्हें कोने में रखे हुए कूड़ेदान में डालकर, दीवारों पर न लिखकर विद्यालय की सफ़ाई में सहयोग दे सकते हैं।

(क) विद्यालय के अंग किन्हें बताया गया हैं?
(ख) विद्यालय की सफाई कैसे रखी जा सकती है?
(ग) विद्यालय क्या है?
(घ) 'शांति' शब्द का विलोम शब्द लिखिए।

प्रश्न 2. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो अनेकार्थी शब्द लिखिए। (2)
(क) मधु (ख) जड़

प्रश्न 3. निम्नलिखित प्रत्येक वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए। (1)
(क) जो युगों से चला आ रहा है
(ख) जो पढ़ा जा सके

प्रश्न 4. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित पदों के कारक भेद लिखिए। (2)
(क) पक्षी <u>पेड़ से</u> उड़ गया।
(ख) <u>नीता</u> खाना खाती है।
(ग) मछलियाँ <u>पानी में</u> तैर रही हैं।
(घ) चाचा जी <u>बच्चों के लिए</u> मिठाई लाए।

प्रश्न 5. 'नया' शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। (1)

प्रश्न 6. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए। (2)

(क) अंतरतम (ख) फिसड्डी (ग) स्पर्श (घ) आबाद

प्रश्न 7. निम्नलिखित शब्दों का अर्थपूर्ण वाक्य में प्रयोग कीजिए। (2)

(क) आदी (ख) मशहूर

प्रश्न 8. निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं तीन प्रश्नों</u> के उत्तर लिखिए। (6)

(क) रानी लक्ष्मीबाई ने भारत के लोगों को कौन-सा पथ दिखाया?

(ख) नागराजन के अलबम के मशहूर हो जाने पर राजप्पा के मन की क्या दशा हुई?

(ग) 'जिन लोगो ंकी आँखें होती हैं ,वे सचमुच बहुत कम देखते हैं।' हेलेन केलर को ऐसा क्यों लगता है?

(घ) नेहरू जी के अनुसार संसार की शुरुआत कैसे हुई?

***समाप्त***



.

**INDIAN SCHOOL SOHAR** **SET-2**

**PERIODIC TEST – II (2018-19)**

**HINDI**

**CLASS: VI** **MAX.MARKS : 20**

**DATE : 10/01/2019** **DURATION: 45 MIN**

---

सामान्य निर्देश : 1) कृपया जाँच लें कि इस प्रश्न-पत्र में कुल 8 प्रश्न हैं।
2) प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले प्रश्न संख्या लिखना आवश्यक है।
3) सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

---

प्रश्न 1 : निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उचित उत्तर लिखिए। (4)

विद्यालय एक संस्था है। विद्यार्थी और अध्यापक ही नहीं, चपरासी से लेकर प्रधानाचार्य तक सब लोग इस संस्था के अंग हैं। अपने-अपने पदानुसार सब लोग अपना-अपना काम करते हैं। सबके आपसी सहयोग से संस्था दिन दूनी रात चौगुनी उन्नति करती है। वहाँ पर आपको सहयोग के अनेक अवसर प्राप्त होते हैं। समय पर विद्यालय में आकर अपनी कक्षाओं में शांतिपूर्वक बैठकर संस्था के नियमों का पालन करके उसके अनुशासन में सहयोग दे सकते हैं। रद्दी कागज़ों को इधर-उधर न फेंककर उन्हें कोने में रखे हुए कूड़ेदान में डालकर, दीवारों पर न लिखकर विद्यालय की सफ़ाई में सहयोग दे सकते हैं।

(क) विद्यालय क्या है?
(ख) विद्यालय की उन्नति कैसे हो सकती है?
(ग) आप विद्यालय के अनुशासन में सहयोग किस प्रकार कर सकते हैं?
(घ) 'एक' शब्द का विलोम शब्द लिखिए।

प्रश्न 2. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो अनेकार्थी शब्द लिखिए। (2)

(क) अर्थ (ख) गुण

प्रश्न 3. निम्नलिखित प्रत्येक वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए। (1)

(क) जिसका आचरण अच्छा हो
(ख) जो पहले ना पढ़ा गया हो

प्रश्न 4. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित पदों के कारक भेद लिखिए। (2)

(क) मेज़ पर बिल्ली बैठी है।
(ख) पिताजी बच्चों के लिए खिलौने लाए।
(ग) राहुल बस से गिर गया।
(घ) रविश केला खाता है।

प्रश्न 5. 'शाम' शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। (1)

प्रश्न 6. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए। (2)

(क) जमघट (ख) अभिराम (ग) परखना (घ) पेंदा

प्रश्न 7. निम्नलिखित शब्दों का अर्थपूर्ण वाक्य में प्रयोग कीजिए। (2)

(क) यकीन (ख) मेल

प्रश्न 8. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (6)

(क) नेहरू जी के अनुसार संसार की शुरुआत कैसे हुई?

(ख) सुभद्रा कुमारी चौहान ने लक्ष्मीबाई को मर्दानी क्यों कहा है ?

(ग) 'कुछ खास तो नहीं '-हेलेन की मित्र ने यह जवाब किस मौके पर दिया और यह सुनकर हेलेन को आश्चर्य क्यों नहीं हुआ ?

(घ) राजप्पा ने नागराजन का टिकट अलबम अँगीठी में क्यों डाल दिया ?

***समाप्त***